This question paper contains **2** printed pages]

H—119—2017

FACULTY OF ARTS

M.A. (First Year) (Second Semester) EXAMINATION

OCTOBER/NOVEMBER, 2017

HINDI

Paper-VI

(नाट्य साहित्य, भाग-2)

(Tuesday, 14-11-2017) **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

Time—3 *Hours* *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. संदर्भ सहित अर्थ स्पष्ट कीजिए :

(अ) ''तीन दिन हो गये मेरे बच्चे भूख-प्यास से निढाल पड़े हैं। एक-आध किलो गेहूँ नहीं तो धान दे देते तो मेरे बच्चे जी उठते मालिक।'' 10

अथवा

''मैं जानना चाहता हूँ कि मेरी क्या यही हैसियत है इस घर में कि जो जब जिस वजह से जो भी कह दे मैं चुपचाप सुन लिया करूँ ? हर वक्त की धुतकार, हरवक्त की कोंच, बस यही कमाई है यहाँ मेरी इतने सालों की ?''

(आ) ''निभायी है मैंने .... और पाँच वर्ष तक मर्यादा निभाने में उतना संतोष नहीं मिला, जितनी तृप्ति इस एक रात में मिली है ....!'' 10

अथवा

''हाँ, बस यह सोने की मोहरें ले लेता हूँ। एक-दो-तीन-चार-पाँच .... बस और क्या जरूरत ? पाँच मोहरें बहुत हैं। याद तो करेंगे किसी ने चोरी की थी।''

2. आधुनिक हिंदी नाटकों की विकासयात्रा में मोहन राकेश के योगदान की चर्चा कीजिए। 20

अथवा

शीलवती की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

P.T.O.

386901A03A259403673811C9D0A61723

3. हिंदी नाटक की विकासयात्रा में भारतेन्दु युग का महत्व प्रतिपादित कीजिए। 20

अथवा

''आधे-अधूरे एक स्तर पर स्त्री-पुरुष के बीच के लगाव और तनाव का दस्तावेज है''—चर्चा कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **15-20** पंक्तियों में लिखिए : 5

   (*i*) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का कृतित्व प्रस्तुत कीजिए।

   (*ii*) गिरीश कर्नाड के नाट्य क्षेत्र के योगदान को विशद कीजिए।

   (*iii*) धर्मवीर भारती का जीवन-परिचय दीजिए।

   (*iv*) उपेंद्रनाथ अश्क के नाटकों की विशेषताएँ प्रस्तुत कीजिए।

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए : 5

   (*i*) उपेंद्रनाथ अश्क की पत्नी का नाम क्या है ?

   (*ii*) 'अंधा युग' के रचनाकार कौन हैं ?

   (*iii*) गिरीश कर्नाड के किस नाटक को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला है ?

   (*iv*) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का जन्म कब हुआ ?

   (*v*) 'कोणार्क' किस विधा की रचना है ?

   (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

   (*i*) 'ययाति' .... का नाटक है।

   (*ii*) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का राजनीतिक व्यंग्य नाटक .... है।

   (*iii*) 'अब गरीबी हटाओ' के रचनाकार .... हैं।

   (*iv*) जगदीशचंद्र माथुर का जन्म .... इ. में हुआ।

   (*v*) 'छोटा बेटा' के रचनाकार .... हैं।

386901A03A259403673811C9D0A61723